(5) 37 श्री गिरीश सोनी पर्यावरण एवं वन विभाग

क्या पर्यावरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) क्या सरकार पर्यावरण सुरक्षा के लिए नई योजनाएं बनाने पर कार्य कर रही है;

ख) यदि हाँ, तो इसका पूरा ब्यौरा दीजिए और इन योजनाओं को कब तक क्रियान्वित किया जाएगा;

ग) क्या सरकार ने प्लास्टिक पोलीथीन पर पूरा प्रतिबंध लगाया हुआ हैं;

घ) यदि हाँ; तो प्लास्टिक पोलीथीन का विकल्प क्या है;

ड.) यदि नहीं; तो सरकार ने प्लास्टिक पोलीथीन के प्रयोग रोकने के लिए क्या कार्रवाई की है; और

च) यदि हाँ; तो इसका पूरा ब्यौरा दीजिए?

Scanned by CamScanner

अता. 77 श्री आदर्श शास्त्री पर्यावरण एवं वन

क्या पर्यावरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि दिल्ली में भवन निर्माण सामग्री तथा कबाड़ के व्यवसाय हेतु 'सॉलिड वेस्ट मैनेजमैंट एक्ट–2016 तथा एनजीटी के निर्देशों के अनुपालन हेतु दिल्ली सरकार ने नियम तय किये हैं;

ख) यदि हाँ, तो इन नियमों का विवरण क्या है;

ग) इन नियमों के अनुपालन करवाने हेतु सरकार की मौजूदा व्यवस्था तथा जिम्मेदार अधिकारियों का विवरण क्या है;

घ) द्वारका विधानसभा क्षेत्र में उपरोक्त नियमों के अनुपालन करवाने हेतु सरकार द्वारा निगरानी/औचक निरीक्षण के लिए किये गए प्रयासों का ब्यौरा क्या है; और

ङ) द्वारका विधान सभा क्षेत्र में सरकार के नियमन के उल्लंघन करते हुए इन व्यवसायों में संलग्न व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के खिलाफ पिछले चार वर्ष में की गई कार्रवाई का विवरण क्या है?

Scanned by CamScanner

अता. 78 श्री महेंद्र गोयल

क्या पर्यावरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) पिछले दिनों दिल्ली में प्रदूषण स्तर बढ़ने का मुख्य कारण क्या था;

ख) क्या यह सत्य यह कि पड़ोसी राज्यों के पराली जलाने से प्रदूषण की मात्रा हर वर्ष बढ़ जाती है;

ग) पिछले चार वर्षों में पड़ोसी राज्यों से बढ़ने वाले प्रदूषण की वर्षवार औसत मात्रा क्या रही;

घ) पड़ोसी राज्य पराली न जलाएं, इस दिशा में सरकार द्वारा क्या प्रयास किए गए;

ङ) क्या यह सत्य है कि प्रदूषण के नाम पर एनजीटी द्वारा छोटे मझोले व्यापारियों के मनमाने चालान किए जा रहे हैं;और

च) दिल्ली में कुल प्रदूषण का कितना प्रतिशत पड़ोसी राज्यों के कारण हैं; और

छ) एनजीटी .(NGT) ने पड़ोसी राज्यों में पिछले एक वर्ष में कितने चालान किए या नोटिस दिए, पूर्ण जानकारी दी जाए?



Scanned by CamScanner

अता. 79 श्री सुखवीर सिंह दलाल पर्यावरण एवं वन

क्या पर्यावरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) 01.01.2015 से मुंडका विधान सभा क्षेत्र में पेड़ों की कटाई के विरूद्ध

प्राप्त शिकायतों एवं इन पर संबंधित प्राधिकारी द्वारा की गई कार्रवाई का विस्तृत विवरण क्या है;

ख) 01.01.2017 से इस क्षेत्र में प्रदूषण फैलाने वाली चिह्नित की गई यूनिटों/कारखानों का विवरण क्या है;

ग) इस क्षेत्र में प्रदूषण फैलाने वाली यूनिटों/कारखानों जिनके विरूद्ध 01.01.2017 से क्या कार्रवाई की गई है, का विवरण क्या है;

घ) 01.01.2017 से मुंडका विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में प्लास्टिक और अन्य सामग्री जलाने के विरूद्ध कितने चालान काटे गए हैं;

ङ) 01.01.2017 से इस क्षेत्र में पर्यावरण सुधार करने के लिए सरकार द्वारा क्या–क्या प्रयत्न किए गए; और

च) मुंडका विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में पर्यावरण, वन, वन्य प्राणी सुधार करने

करने के प्रति उत्तरदायी अधिकारियों के नाम, पदनाम, कार्यालय पते एवं मोबाइल नम्बर का विवरण क्या है?



Scanned by CamScanner

अता. 82 श्री पवन कुमार शर्मा पर्यावरण एवं वन

क्या पर्यावरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि हवा में उड़ रहे धूल के कणों से दूषित हो रहे वातावरण की रोकथाम हेतु पर्यावरण विभाग द्वारा कोई योजना तैयार की गई है;

ख) यदि हाँ, तो उसका विवरण क्या है;

ग) क्या यह भी सत्य है कि इस विषय पर कोई टास्क फोर्स गठित की गई है;

घ) यदि हाँ, तो आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में उक्त टास्क फोर्स द्वारा अभी तक की गई कार्रवाई का पूर्ण ब्यौरा क्या है;

ङ) क्या यह सत्य है कि धूल से फैल रहे प्रदूषण पर रोकथाम हेतु सरकार स्वयं सेवी संस्थाओं की मदद भी ले रही है; और

च) यदि हाँ. तो इन स्वयं सेवी संस्थाओं का पूर्ण विवरण क्या है?

Scanned by CamScanner

अता. 83 श्री पंकज पुष्कर पर्यावरण एवं वन

क्या पर्यावरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) सरकार की मैडिकल वेस्ट के डिस्पोजल के बारे में क्या पॉलिसी है;

ख) इससे होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए किए गए प्रयासों का विवरण;

ग) कितने मामलों में कार्रवाई की गई है;

घ) पॉलीथीन से होने वाले प्रदूषण के बारे में दिल्ली सरकार की नीति एवं तत्ससंबंधी न्यायालय के आदेश क्या हैं; और

ङ) इनके अनुपालन के लिए क्या प्रयास किये गए हैं?



Scanned by CamScanner

अता. 85 श्री मनोज कुमार पर्यावरण एवं वन

क्या पर्यावरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) कोंडली विधान सभा क्षेत्र में स्थित एसटीपी, कूड़े का पहाड़ गाजीपुर, मुर्गा मण्डी, मछली मण्डी, बकरा व भैंस मण्डी, बूचड़खाना में से कौन सी संस्था पर्यावरण को दूषित करती है;

ख) कोई संस्था अगर दूषित करती है तो उस पर पर्यावरण विभाग क्या कार्रवाई करता है;

ग) क्या यह सत्य है कि इस क्षेत्र में सबसे ज्यादा प्रदूषण होने के कारण पर्यावरण को शुद्ध करने के लिए कोई योजना सरकार के विचाराधीन है;

घ) यदि हाँ, तो उसका विवरण क्या है?

Scanned by CamScanner